# यूपी बोर्ड वार्षिक परीक्षा - 2022

# कक्षा- 9 (हिन्दी)

: 3 घण्टे 15 मिनट पूर्णांक-70

**नोट :**
(i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न पढ़ने के लिए निर्धारित है।
(ii) प्रश्न-पत्र दो खण्डों में विभाजित है। खण्ड-अ एवं खण्ड-ब।
(iii) खण्ड अ में 20 अंक के बहुविकल्पीय प्रश्न दिये गये हैं।
(iv) खण्ड ब में 50 अंक के वर्णनात्मक प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के सम्मुख निर्धारित अंक अंकित हैं।

## खण्ड-अ

1. 'कविवचन सुधा' किस युग की पत्रिका है? 1
(क) शुक्ल युग (ख) शुक्लोत्तर युग (ग) भारतेन्दु युग (घ) स्वातन्त्र्योत्तर युग

2. हिन्दी की प्रथम कहानी कौन-सी है? 1
(क) इन्दुमती (ख) रानी केतकी की कहानी (ग) उसने कहा था (घ) इनमें से कोई नहीं

3. 'रानी केतकी की कहानी' किसकी रचना है? 1
(क) किशोरीलाल गोस्वामी (ख) इंशाअल्ला खाँ (ग) जयशंकर प्रसाद (घ) प्रेमचन्द

4. 'गोदान' किसकी रचना है? 1
(क) मुंशी प्रेमचन्द (ख) जयशंकर प्रसाद (ग) जगदीशचन्द्र माथुर (घ) देवकीनन्दन खत्री

5. 'बालमुकुन्द गुप्त' किस युग के लेखक थे? 1
(क) भारतेन्दु युग के (ख) द्विवेदी युग के (ग) छायावादी युग के (घ) प्रगतिवादी युग के

6. भारतेन्दु युग की कालावधि क्या है? 1
(क) 1700-1800 ई० (ख) 1868-1900 ई० (ग) 1890-1920 ई० (घ) 1900-1930 ई०

7. आदिकाल की भाषा है— 1
(क) ब्रज (ख) अवधी (ग) डिंगल (घ) भोजपुरी

8. भक्ति काल का समय है— 1
(क) 1343-1643 ई० (ख) 743-1343 ई० (ग) 1000-1245 ई० (घ) इनमें से कोई नहीं

9. आदिकाल को अन्य किस नाम से जाना जाता है? 1
(क) चारण काल (ख) वीरगाथा काल (ग) अपभ्रंश काल (घ) उपर्युक्त सभी

10. रामभक्ति धारा के प्रतिनिधि कवि हैं— 1
(क) गोस्वामी तुलसीदास (ख) सूरदास (ग) केशवदास (घ) नरोत्तम दास

11. 'आहुति-सी गिर चढ़ी चिता पर, चमक उठी ज्वाला सी' में कौन-सा रस है? 1

(क) करुण रस (ख) अद्भुत रस (ग) वीर रस (घ) शान्त रस

12. श्रृंगार का स्थायीभाव क्या है? 1

(क) रति (ख) हास्य (ग) करुण (घ) शान्त

13. वीर रस का स्थायीभाव है – 1

(क) शोक (ख) उत्साह (ग) क्रोध (घ) भय

14. 'पंचवटी' में कौन-सा समास है? 1

(क) द्विगु (ख) कर्मधारय (ग) अव्ययीभाव (घ) तत्पुरुष

15. 'उसका विद्यालय कहाँ है' इस वाक्य में विराम चिह्न लगेगा – 1

(क) प्रश्नवाचक (ख) पूर्ण विराम (ग) अल्प विराम (घ) योजक

16. 'काठ' शब्द का तत्सम है – 1

(क) लकड़ी (ख) काष्ठ (ग) डाल (घ) पेड़

17. 'योग्य' शब्द का विलोम है – 1

(क) कुशल (ख) अयोग्य (ग) दक्ष (घ) निपुण

18. निम्न में कौन-सा अमृत का पर्याय नहीं है? 1

(क) पीयूष (ख) सुधा (ग) अहं (घ) अमिय

19. पावकः का सन्धि-विच्छेद है— 1

(क) पो + अकः (ख) प + अकः (ग) पौ + अकः (घ) पाव + कः

20. त्वत् किस विभक्ति व वचन का रूप है? 1

(क) पञ्चमी विभक्ति, बहुवचन (ख) द्वितीया विभक्ति, एकवचन

(ग) पञ्चमी विभक्ति, एकवचन (घ) प्रथमा विभक्ति, एकवचन

## खण्ड-ब

21. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक के नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

(क) अरे मूर्ख, यह क्यों नहीं कहता कि जो कुछ न होना था, हो चुका। जो कुछ होना था वह कहाँ हुआ? माँ-बाप ने बेटे का सेहरा कहाँ देखा? मृणालिनी का कामना-तरु क्या पल्लव और पुष्प से रंजित हो उठा? मन के वह स्वर्ण-स्वप्न जिनसे जीवन आनन्द का स्रोत बना हुआ था, क्या पूरे हो गये? जीवन के नृत्यमय तारिका-मण्डित सागर में आमोद की बहार लूटते हुए क्या उसकी नौका जलमग्न नहीं हो गयी? जो न होना था, वह हो गया!

प्रश्न- (क) प्रस्तुत गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए। 2

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए। 2

(ग) माँ-बाप ने क्या नहीं देखा? 2

अथवा

(ख) ऐसी मीठी निरहंकार सीधी वाणी से गुरु ने भटकती जनता को उसका लक्ष्य बताया। आज विद्वान् चकित हैं, पंडित अचरज में हैं—कितनी बड़ी ताकत और कैसा निरीह रूप? कालिदास ने ठीक ही कहा था—ध्रुवं वपुः कांचनपद्मधर्मि यन्मृदुप्रकृत्या व संसारमेव च। जो रूप से स्वर्णकमल के धर्म वाला होता है, वह निश्चय ही स्वभाव से मृदु होता है, किन्तु सारवान भी होता है। गुरु नानकदेव ऐसे ही कांचन पद्मधर्मी महामानव थे।

प्रश्न- (क) इस गद्य-खण्ड का संदर्भ लिखिए। 2

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए। 2

(ग) भटकती जनता को उसका लक्ष्य किसने बताया? 2

22. (क) निम्नलिखित पद्यांशों में किसी एक के नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

राम नाम के पटतरे, देबे कौं कछु नाहिं।

क्या ले गुर संतोषिए, हौंस रही मन माँहि।।

प्रश्न– (i) गुरु ने कबीर को कौन-सा मंत्र दिया है? 2

(ii) प्रस्तुत दोहे के रचनाकार का नाम लिखिए। 2

(iii) प्रस्तुत दोहे में किस अलंकार की अभिव्यक्ति हुई है? 2

अथवा (ख) *बसो मेरे नैनन में नंदलाल।*

*मोर मुकुट मकराकृति कुंडल, अरुण तिलक दिए भाल।।*

*मोहनि मूरति साँवरि सूरति, नैना बने बिसाल।*

*अधर-सुधा-रस मुरली राजत, उर बैजंती-माल।।*

*छुद्र घंटिका कटि-तट सोभित, नूपुर सबद रसाल।*

*मीरा प्रभु संतन सुखदाई, भगत बछल गोपाल।।*

प्रश्न– (i) मीरा किसे अपनी आँखों में बसाना चाहती हैं? 2

(ii) मीरा ने भगवान श्रीकृष्ण के सौन्दर्य का वर्णन किस प्रकार किया है? 2

(iii) उपर्युक्त पद्यांश में किस रस की अभिव्यक्ति हुई है? 2

23. (क) निम्नलिखित संस्कृत गद्यांशों में से किसी एक का संदर्भ सहित हिन्दी अनुवाद अपने शब्दों में कीजिए– 3+1=4

(i) सुविदितमेव श्रीकृष्ण लोकोत्तरो महापुरुषः आसीत्। अयं महापुरुषः सहस्रेभ्यः वर्षेभ्यः प्राक् उत्पन्नः अद्यापि जनानां हृदयेषु विराजमानः अस्ति।

श्रीकृष्णस्य मातुलः कंसः अत्याचारी शासकः आसीत्। स पूर्वं स्वभागिन्याः देवक्याः श्रीवसुदेवेन सह विवाहम् अकरोत्, पश्चाच्च आकाशवाण्या देवकीपुत्रेण स्वमृत्युसमाचारं विज्ञाय उभावपि कारागारे न्यक्षिपत्। तत्रैव कारागारे श्रीकृष्णः जातः।

अथवा (ii) रामकृष्णः एकः विलक्षणः महापुरुषः अभवत्। तस्य विषये महात्मना गान्धिना उक्तम्—"परमहंसस्य रामकृष्णस्य जीवनचरितं धर्माचरणस्य प्रायोगिकं विवरणं विद्यते। तस्य जीवनम् अस्मभ्यम् ईश्वरदर्शनाय शक्तिं प्रददाति। तस्य वचनानि न केवलं कस्यचित् नीरसानि ज्ञानवचनानि अपितु तस्य जीवन ग्रन्थस्य पृष्ठानि एव। तस्य जीवनम् अहिंसायाः मूतमान पाठः विद्यते।

(ख) निम्नलिखित संस्कृत पद्यांशों में से किसी एक का संदर्भ सहित हिन्दी अनुवाद कीजिए– 3 + 1 = 4

(i) इक्ष्वाकुवंशप्रभवो रामो नाम जनैः श्रुतः।
नियतात्मा महावीर्यो द्युतिमान् धृतिमान् वशी।।

अथवा (ii) असतो मा सद्गमय,
तमसो मा ज्योतिर्गमय,
मृत्योर् मामृतं गमय।

24. 'दीपदान' एकांकी की प्रमुख स्त्री पात्र का चरित्र-चित्रण कीजिए। 5

*अथवा* 'लक्ष्मी का स्वागत' एकांकी के आधार पर रौशन की माता का चरित्र-चित्रण कीजिए।

25. (क) निम्नलिखित लेखकों में से किसी एक का जीवन परिचय देते हुए उनकी किन्हीं दो रचनाओं का नाम लिखिए–3+1=4

1. मुंशी प्रेमचन्द, 2. डॉ0 हजारीप्रसाद द्विवेदी, 3. महादेवी वर्मा

(ख) निम्नलिखित कवियों में से किसी एक का जीवन परिचय देते हुए उनकी किन्हीं दो रचनाओं का नाम लिखिए–3+1=4

1. कबीर, 2. रैदास, 3. रहीम

26. अपनी पाठ्य-पुस्तक से कण्ठस्थ किया हुआ कोई एक श्लोक लिखिए जो इस प्रश्न-पत्र में न आया हो। 2

27. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में दीजिए– 2+2=4

(अ) ईश्वरस्य के नेत्रे स्तः? (व) रामः क्रोधे कीदृशः आसीत्?

(स) कीदृशो मार्गः सर्वोत्तमः भवति? (द) स्वामी विवेकानन्दः कस्य शिष्यः आसीत्?

28. निम्नलिखित मुहावरे एवं लोकोक्ति में से किसी एक का अर्थ वताते हुए वाक्य प्रयोग कीजिए। 1+1=2

(अ) अक्ल पर पत्थर पड़ना (व) अपना उल्लू सीधा करना

(स) अरहर की टट्टी में गुजराती ताला (द) कोल्हू का वैल होना

29. निम्नलिखित में से किन्हीं दो वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद कीजिए– 2+2=4

(अ) वह विद्यालय जाता है। (ब) तुम दोनों घर जाओगे।

(स) वे खेत में खेल रहे हैं। (द) हरि ने कार्य किया।

(य) तुम लोग जाओ।

30. प्रधानाचार्य को पत्र—आकस्मिक अवकाश हेतु एक प्रार्थना-पत्र लिखिए जिसमें दो दिन का अवकाश माँगा गया हो। 5

*अथवा* अस्वस्थ होने के कारण अवकाश के लिए प्रधानाचार्य को कैसे सूचित करेंगे?